# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली--

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-22.06.2025**

**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना में लिप्त वांछित अभियुक्त गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो कि दिनांक 29.05.2025 को एक युवती द्वारा अपने साथ दुष्कर्म किये जाने के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सूचना अंकित करायी गयी थी । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना के अनावरण हेतु 04 टीमों का गठन कर अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था । घटना में लिप्त अभियुक्तगण खलील, विपिन, इजराइल, रवि, अहसान उर्फ आमिर को बाद पुलिस मुठभेड गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है । घटना में लिप्त शेष अभियुक्त की थाना झिंझाना पुलिस द्वारा तलाश की जा रही थी ।

इसी क्रम में आज दिनांक 22.06.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना में लिप्त वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**नाम व पता अभियुक्तः-**

1.सुनील पुत्र जसवीर निवासी ग्राम हड़ौली थाना भौरा कलां जनपद मुजफ्फरनगर ।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामदः-**

आज दिनांक 22.06.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है, जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.आशु चौहान पुत्र तालिब हसन निवासी ग्राम तितरवाड़ा थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 08 लीटर कच्ची शराब बरामदः-**

आज दिनांक 22.06.2025 की को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को अवैध 08 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.आसिफ पुत्र हाशिम निवासी ग्राम मुन्डेट खादर थाना झिंझाना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 08 लीटर कच्ची शराब।




**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**